Seventeenth Loksabha

>

Title: Need for restoration of 100 year strucutre over Shahidi Kwa in Jallianwala Bagh which was demolished for beautification

श्री जसबीर सिंह गिल (खडूर साहिब): माननीय अध्यक्ष जी, आज जो इशूज़ मैं यहां उठाने जा रहा हूं, उसकी नैशनल और हिस्टोरिक इम्पॉर्टेंस है । जितने भी माननीय सदस्य यहां हैं, कट अक्रॉस द पार्टी लाइन वे मुझे इसमें सपोर्ट करेंगे । इससे पहले कि मैं इशूज़ बोलूं, मैं आपसे एक अनुरोध करना चाहता हूं । जब आप स्माइल करते हैं, हमारे पसीने छूट जाते हैं, क्योंकि स्माइल के साथ ही घंटी बज जाती है । अत: कृपया दो मिनट स्माइल मत कीजिए ।

सर, जो जलियांवाला बाग मैसेकर हुआ था, उसका 100वां साल हमने आब्जर्व किया । माननीय राहुल जी और पंजाब के हमारे माननीय मुख्य मंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह जी ने उसमें शिरकत की थी । सर, जलियांवाला बाग में जो दो आइकॉनिक स्ट्रक्चर्स हैं, एक तो फ्लेम शेप्ड स्ट्रक्चर है, दूसरा जो शहीदी वेल है, उस पर एक स्ट्रक्चर बना हुआ था । मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ने उसे रेनोवेट करने के लिए उसका ब्यूटीफिकेशन करने के लिए उस पर काम शुरू किया, लेकिन अफसोस की बात है कि शहीदी कुएं के ऊपर 100 साल पुराना जो स्ट्रक्चर था, उसे तोड़ दिया गया है, जो कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी और देश के लिए भी अच्छा नहीं है । मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप इसके लिए मिनिस्टर ऑफ कल्चर से कहें कि जिन्होंने तोड़ा है, उनके ऊपर कार्यवाही हो और उसके जैसा दूसरा स्ट्रक्चर वहां बनवाया जाए । धन्यवाद ।